# संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़

परीक्षा प्रकोष्ठ डेवलपमेंट अथॉरिटी के पुराने भवन, यूटिलिटी ब्लॉक भूतल, सेक्टर -19,अटल नगर रायपुर

strial Training Institute ttcdetraipur@gmail.com ☎ - 0771-2331345


क्रमांक/संरोप्र/टीटीसी/राज्य व्य. परीक्षा/2024/ 248 /नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 14/03/2024

प्रति,

प्राचार्य/संस्था प्रमुख/अधीक्षक
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
(एससीव्हीटी संचालित व्यवसाय एवं
हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनान्तर्गत)
छत्तीसगढ़

विषय :- राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) परीक्षा प्रणाली विषयक।

संदर्भ :- अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग महानदी भवन का पत्र क्रमांक एफ 5-38/2023/कौ.वि./42 दिनॉक 14.08.2023.

---00---

विषयांतर्गत संदर्भित राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) माह जुलाई/अगस्त 2024 में सम्मिलित होने वाले एकवर्षीय व्यवसाय एवं द्विवर्षीय व्यवसाय के प्रथम वर्ष के नियमित प्रशिक्षणार्थियों एवं हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनान्तर्गत आईटीआई ट्रेड की वार्षिक परीक्षा माह अप्रैल-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नियमित प्रशिक्षणार्थियों के लिए परीक्षा प्रणाली (एनसीव्हीटी) के समान लागू की जानी है।

2/ राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) माह जुलाई/अगस्त 2024 में सम्मिलित होने वाले एकवर्षीय व्यवसाय एवं द्विवर्षीय व्यवसाय के प्रथम वर्ष के नियमित प्रशिक्षणार्थियों एवं हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनान्तर्गत आईटीआई ट्रेड की वार्षिक परीक्षा माह अप्रैल-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नियमित प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षाएं एनसीव्हीटी के समान परीक्षा प्रणाली अनुसार Off-Line पद्धति से निम्नानुसार आयोजित की जावेंगी :-

परीक्षा प्रणाली :- यह प्रणाली सीटीएस के अंतर्गत एससीव्हीटी व्यवसायों में प्रवेशित सत्र 2023-24 (एकवर्षीय पाठ्यक्रम) एवं प्रवेशित सत्र 2023-25 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष) से लागू की जानी है। प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक Learning Outcome हेतु formative assessments आयोजित कर किया जायेगा एवं अंतिम परीक्षायें (Summative Assessments) निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :-

1. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राप्त ज्ञान और कौशल तथा प्रशिक्षणार्थियों के व्यवहार परिवर्तन का मूल्यांकन करने के लिए प्रायोगिक एवं संबंधित सैद्धांतिक के लिए प्रत्येक Learning Outcome के संबंध में formative assessments संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा आयोजित किये जायेंगे।
2. राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) द्वारा ट्रेड थ्योरी तथा एम्प्लायबिलिटी स्किल्स एवं ट्रेड प्रेक्टिकल का Summative Assessment आयोजित किया जायेगा। उक्त परीक्षा Off-Line पद्धति से 02 घण्टे की अवधि के लिए होगी जिसमें 75 प्रश्न, 150 अंक (प्रत्येक 02 अंक) के होंगे। जिसमें ट्रेड थ्योरी (TT), वर्कशॉप साईंस एण्ड कैलकुलेशन (WSC), इंजीनियरिंग ड्राइंग (ED) एवं एम्प्लायबिलिटी स्किल्स (ES) शामिल होंगे।

अ. इंजीनियरिंग व्यवसायों (ट्रेड थ्योरी के लिए 100 अंक तथा एम्प्लायबिलिटी स्किल्स के लिए 50 अंक) :-

- ट्रेड थ्योरी ऑब्जेक्टिव प्रश्न (वर्कशॉप साईंस एण्ड कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग को शामिल करते हुए: TT-38 प्रश्न, WSC-06 प्रश्न, ED-06 प्रश्न)
- एम्प्लायबिलिटी स्किल्स ऑब्जेक्टिव प्रश्न (25 प्रश्न, 50 अंक)
- ड्राफ्ट्समेन ग्रुप के व्यवसायों के लिए : ट्रेड थ्योरी (वर्कशॉप साईंस एण्ड कैलकुलेशन के प्रश्नों को शामिल करते हुए) एवं एम्प्लायबिलिटी स्किल्स

ब. नॉन-इंजीनियरिंग व्यवसायों (ट्रेड थ्योरी के लिए 100 अंक तथा एम्प्लायबिलिटी स्किल्स के लिए 50 अंक) :-

- केवल ट्रेड थ्योरी के 50 ऑब्जेक्टिव प्रश्न (50 प्रश्न, 100 अंक)
- एम्प्लायबिलिटी स्किल्स ऑब्जेक्टिव प्रश्न (25 प्रश्न, 50 अंक)

# संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़

परीक्षा प्रकोष्ठ डेवलपमेंट अथॉरिटी के पुराने भवन, यूटिलिटी ब्लॉक भूतल, सेक्टर -19,अटल नगर रायपुर

Industrial Training Institute ttcdetraipur@gmail.com ☎ - 0771-2331345


स. ट्रेड थ्योरी एवं एम्प्लायबिलिटी स्किल्स प्रत्येक के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत 33% है।

द. इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों (ट्रेड प्रेक्टिकल के लिए 250 अंक)

इ. ट्रेड प्रेक्टिकल एवं Learning Outcome के formative assessment प्रत्येक के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत 60% है।

फ. सत्र अगस्त 2023 (एकवर्षीय व द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) एवं उसके पश्चात् प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए ग्रेस मार्क्स (कृपांक) का प्रावधान नहीं है।

ज. व्यवसायों के लिए अंकन पद्धति ( Marking Pattern ) एवं अंको का विभाजन निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | मूल्यांकन (Assessment) का प्रकार | विषय | छःमाही व्यवसायो के लिए अंक | द्विवर्षीय व्यवसाय के प्रथम वर्ष/एकवर्षीय व्यवसाय के लिए अंक | द्विवर्षीय व्यवसाय के द्वितीय वर्ष के लिए अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Summative Assessment | ट्रेड प्रेक्टिकल | 250 | 250 | 250 |
| 02 | | ट्रेड थ्योरी | 100 | 100 | 100 |
| 03 | | एम्प्लायबिलिटी स्किल्स | 50 | 50 | 50 |
| 04 | Learning Outcomes पर आधारित Formative assessment | | 200 | 200 | 200 |
| | कुल अंक | | 600 | 600 | 600 |

अतः उपरोक्तानुसार नियमित प्रशिक्षणार्थियों का एनसीव्हीटी परीक्षा प्रणाली अनुसार MCQ आधारित प्रश्नों का Off-Line पद्धति से मॉक-टेस्ट आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें एवं प्रशिक्षणार्थियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण
छत्तीसगढ़

पृ. क्रमांक/संरोप्र/टीटीसी/राज्य व्य. परीक्षा/2024/ 249 /नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 14/03/2024

प्रतिलिपि :-

1. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर उनके ज्ञापन क्रमांक एफ 5-38/2023/कौ.वि./42 दिनॉक 14.08.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाऐं, बिलासपुर, रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग एवं जगदलपुर की ओर सूचनार्थ। आपके प्रभार क्षेत्रान्तर्गत जिला नोडल शासकीय औप्रसंस्था एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (एससीव्हीटी संचालित व्यवसाय एवं हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनान्तर्गत) को उक्त जानकारी से अवगत कराने का कष्ट करें। नई परीक्षा प्रणाली में संबंधित संस्था के संबंधित व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों का मॉक टेस्ट अनिवार्य रूप से आयोजित कराये जाने हेतु स्वयं के स्तर पर भी निगरानी करने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी, समस्त जिला नोडल शासकीय औप्रसंस्था की ओर सूचनार्थ। जिलान्तर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (एससीव्हीटी संचालित व्यवसाय एवं हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनान्तर्गत) को उक्त जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण
छत्तीसगढ़

कार्यालय संयु. संचा. क्षेत्रीय कार्यालय
औ. प्र. संस्थाएँ, बिलासपुर (छ.ग.)
क्र. संयु. संचा./बिला. ....2024 461 /बिलासपुर दि. 15-3-24
प्रतिलिपि.
नोडल अधि. / प्राचार्य / अधी. / औ.प्र.स. ... बिलासपुर क्षेत्र
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। (SCVT संचालित एवं हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनांतर्गत) की सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

संयुक्त संचालक (प्रशि.)
क्षेत्रीय कार्या. औ.प्र. संस्थायें, क्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)